Instructions. have been issued by the Corporation to ensure that 25% of the seats are reserved for SC/ST officers.

(b) No. Sir.

(c) Does no: arise.

Representation trom SC/ST Officers in Business Trips and Delegations

4746. SHRI E. BALANANDAN : Will the Minister of PETROLEUM and NATURAL GAS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that in business trips and delegations there is no represen tation of SC/ST Officers inspite of the availability of suitable and competent SC/ST Officers :

(b) what is the percentage of SC/ST Officers in Work Associations and Seminars abroad ; and

(c) what steps are being taken to increase this percentage ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA) : (a) Business trips and delegation abroad are need based and officers suitable to the requirement are nominated for the purpose, irrespective of the categories they belong to.

(b) No such percentage has been fixed for SC ST officers.

(c) Does not arise.

तेल और प्राकृतिक गैस आयोग तथा आयल इंडिया लि० द्वारा अर्जित लाभ

4747. श्री राम जेठमलानी:

प्रो० विजय कुमार मल्होत्रा : क्या पेट्रोलियम और प्राकृति गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि तेल और प्राकृतिक गैस आयोग ने 1993–94 के दौरान लगभग 2,000 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है,

(ख) यदि हां, तो क्या आयल इंडिया लिमिटेड ने 1992–93 की तुलना में 1993–94 के दौरान अधिक लाभ अर्जित किया है ;

(ग) यदि हां, तो 1992–93 और 1993–94 के दौरान क्रमश: कितना-कितना लाभ हुआ ;

(घ) क्या यह भी सच है कि 1992-93 की तुलना में 1993–94 में तेल और प्राकृतिक गैस आयोग और आयल इंडिया लि० द्वारा कच्चे तेल का कम उत्पादन किया गया है,

(ङ) यदि हां, तो दोनों संगठनों द्वारा कितनी-कितनी मात्रा में उत्पादन किया गया था ;

(च) क्या यह भी सच है कि 1993–94 में तेल कम्पनियों के लाभों में हुई वृद्धि का मुख्य कारण अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में तेल के मूल्यों में कमी का आना है ; और

(छ) यदि नहीं, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के राज्य मंत्री (कैप्टन सतीश शर्मा) : (क) 1993–94 के लिये ओ० एन० जी० सी० द्वारा अर्जित शुद्ध लाभ का अस्थाई अनुमान करीब 2,000 करोड़ रुपये का है ।

(ख) और (ग) आयल इंडिया लि० द्वारा 1992–93 के दौरान अर्जित लाभ (करोपरांत) 37.78 करोड़ रुपये (वास्तविक) तथा 1993–94 के दौरान 85.71 करोड़ रुपये (अस्थाई) था ।

(घ) और (ङ) ओ० एन० जी० सी० लिमिटेड तथा ओ० आई० एल० द्वारा

1992-93 तथा 1993-94 दौरान उत्पादित कच्चे तेल की मात्रा नीचे दर्शाई गई है :--

	1992-93	1993-94
	(मि० मि० टन में)	
ओ० एन० जी० सी० लि०	24.427	24.215
आयल इण्डिया लि०	2.523	2.811

(च) और (छ) अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव से ओ० एन० जी० सी० लि० तथा ओ० आई० एल० की लाभप्रदत्ता पर प्रभाव नहीं पड़ता है क्योंकि कच्चे तेल की कीमतें सरकार द्वारा शासित होती हैं।

लाभ में वृद्धि का मुख्य कारण, देशी कच्चे तेल के लिये भुगताई जाने वाली वर्द्धित कीमत है।

Report of CAG on Petroleum Ministry

4748. DR. SHRIKANT RAMCHANDRA JICHKAR : Will the Minister of PETROLEUM and NATURAL GAS be pleased to state :

(a) whether Governmen; are aware of the remarks in para 7.3 of the Report of the Comptroller and Auditor General of India (Union Governmen: No. 7—Commercial) Commercial of 1989, with respect of his Ministry ; and

(b) if so, what is the balance of Post Account *as* on March, 1994 ?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA) : (a) Yes, Sir.

(b) Balance due to OCC in Public Account as on 31st March, 1994 is Rs. 4429.03 crores.

आठवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि के दौरान कच्चे तेल के उत्पादन का लक्ष्य

4749. श्री राम जेठमलानी :

श्रीमती सुषमा स्वराज : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने आठवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक कच्चे तेल के लिये 47.08 मिलियन मीटरी टन के वार्षिक उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि कच्चे तेल के उत्पादन के लिये उक्त योजनावधि के अन्तर्गत वर्ष 1993-94 में निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त नहीं किया जा सका है;

(ग) यदि हां, तो शेष वर्षों के दौरान लक्ष्य प्राप्ति के सम्बन्ध में सरकार की प्रतिक्रिया क्या है ;

(घ) क्या यह भी सच नहीं है कि कच्चे तेल के उत्पादन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये आगामी शेष वर्षों में तेल उत्पादन में 15 प्रतिशत की और वृद्धि करनी होगी; और

(ङ) यदि हां, तो वार्षिक उत्पादन में वृद्धि करने के लिये कौन-कौन से नये क्षेत्रों की खोज की गई है, उनकी वार्षिक उत्पादन क्षमता कितनी है?